**सं.ए-45011/4/2020-प्रशा.III**

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**(आर्थिक कार्य विभाग)**

********

नई दिल्ली, दिनांकः नवम्बर, 2020

**कार्यालय ज्ञापन**

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित अक्तूबर,2020 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अनु पी॰ मथाई

**(**अनु पी मथाई**)**

आर्थिक सलाहकार

**दूरभाषः 23092449**

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधानसचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव,सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
16. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
17. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार,आर्थिक कार्य विभाग।
18. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष।/संयुक्त सचिव (बजट)/ संयुक्त सचिव(निवेश)/ सलाहकार (सीएंडएसी/एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/ सलाहकार (आईईआर)/सीएएए।
19. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक(एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
20. गार्ड फाइल – 2020

सं. ए-45011/4/2020-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

**विषय: अक्तूबर, 2020 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

**1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन**

आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत सरकार की सबल नीतियों के साथ ही लॉकडाउन में चरणबद्ध छूट के चलते जुलाई से अक्तूबर के महीनों में उच्च स्तर की गतिविधियाँ देखी गई। यह उच्च आवृत्ति संकेतकों में स्पष्ट दिखता है जैसे कि पीएमआई विनिर्माण, आईआईपी, आठ मुख्य उद्योगों का सूचकांक ई-वे बिलों, खरीफ की बोवाई, विद्युत की खपत, रेल भाडा, कारगो यातायात और यात्री वाहन की बिक्री। भारत का विनिर्माण खरीद प्रबंधन सूचकांक (पीएमआई) सितम्बर के 56.8 की तुलना में अक्तूबर में बढ़कर 58.9 पहुंच गया जो एक दशक में सबसे मजबूत सुधार रहा है। नए आर्डरों और आउटपुट के स्तर को बहाल करना जारी रहा। इस बढ़त में उपभोक्ता और निवेश माल उप-क्षेत्रों में भी सुदृढ़ बढ़त सहित अंतर माध्यमिक माल वर्ग का मुख्य योगदान रहा। नए निर्यात आर्डरों में तीव्र गति से बढ़त के चलते बिक्री में मजबूत बढ़त देखी गई। अक्तूबर में पिछले वर्ष के तदनुरूप माह से 10 प्रतिशत की बढ़त दर्शाते हुए माल और सेवा कर से प्राप्त राजस्वों में 1.05 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार हो गया और यह फरवरी 2020 से अब तक का दर्ज किया गया उच्चतम आंकड़ा है। भारतीय सेवा क्षेत्र आउटपुट सितम्बर के दौरान व्यापक रूप से स्थिर हुआ। पीएमआई सेवा सूचकांक में अगस्त के 41.8 की तुलना में सितम्बर में वृद्धि के साथ यह 49.8 हो गया। महत्वपूर्ण सूचना का विवरण अनुलग्नक में तालिकाबद्ध है।

**2. अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम**

2.1 (क) भारत-यूके सतत वित्त फोरम स्थापित किया जा चुका है, जोकि 28 अक्तूबर, 2020 में हुए 10वें भारत-यूके आर्थिक और वित्तीय वार्ता में की गई घोषणाओं में से एक था। इस फोरम में मुख्य मंत्रालयों और विभागऔर वित्तीय क्षेत्र विनियामकों के सदस्य शामिल हैं। इस फोरम में सतत् वित्त के क्षेत्र में प्राप्त अनुभवों और उत्तम कार्यप्रणाली को सांझा करेगा।

(ख) माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से अक्तूबर, 2020 माह के दौरान ट्रांसमिशन लाइनों, सबस्टेशनों और संबंधित अवसंरचना हेतु केन्या सरकार को 93 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि की एक ऋण सहायता का विस्तार किया गया।

2.2 (क) केंद्र सरकार (आर्थिक कार्य विभाग) ने दिनांक 16.10.2020 की राजपत्रित अधिसूचना के द्वारा आईएफएससीए अधिनियम 2019 में एयरक्राफ्ट वित्तीयन और लीज पर देने को वित्तीय उत्पाद और वित्त संबंधित वैश्विक-इन-हाउस केंद्रों को वित्तीय सेवा के रूप में अधिसूचित किया। इस अधिसूचना से वित्त संबंधित जीआईसी हेतु वैश्विक हब में जीआईएफटी आईएफएससी के विकास को तीव्र गति देने में योगदान मिलेगा। जीआईएफटीआईएफएससी उप-क्षेत्र/क्षेत्र के लिए एयरक्राफ्ट लीजिंग केंद्र के रूप में उभरने वाला है और इससे भारत में संबंधित रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) व्यापार को उत्तरोतर बढ़ावा मिलेगा।

(ख) सेबी ने दिनांक 05.10.2020 के परिपत्र के द्वारा 01 जनवरी, 2021 से म्युचुअल फंड के जोखिम मीटर पर उसकी स्थिति का पता लगाने हेतु दिशानिर्देश जारी किए हैं। म्युचुअल फंडों को एएमएफआई तथासेबी की वेबसाइट पर मासिक आधार पर अपने जोखिम मीटर को अद्यतन करना होगा। यह निवेशक की जागरूकता और सुरक्षा हेतु उपयोगी है।

(ग) सेबी ने प्रतिभूतियों को निजी प्लेसमेंट के आधार पर टी+4 आधार पर सूचीबद्ध करने के लिए 01 दिसम्बर, 2020 से एक एकल समयसीमा भी तय की है। नए मानकों के बाद प्रतिभूतियों का आबंटन निधियां प्राप्त करने के बाद 'टी+2' कारोबार दिवसों तक पूरा कर लिया जाएगा। स्टॉक एक्सचेंजों से सूचीबद्ध करने की अनुमति 'टी+4' दिनों तक प्राप्त हो जानी चाहिए।

(घ) दिनांक 19.10.2020 को सेबी ने कृषि उत्पाद व्युत्पन्न बाजारों में किसानों/एफपीओ इत्यादि की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सेबी द्वारा परित्यज्य विनियमन शुल्क में से विनिमयों द्वारा सृजित निधि के उपयोग हेतु शर्तों में सशोधन किए।

2.3 28 सितंबर, 2020 को राष्ट्रपति की अनुमति मिलने के बाद पात्र वित्तीय अधिनियम, 2020 की द्विपक्षीय नेटिंग (अधिनियम) का अधिनियमित किया गया तथा 28 सितम्बर, 2020 को राष्ट्रपति की सहमति मिलने के पश्चात इसे भारत के असाधारण राजपत्र में प्रकाशित किया गया। इस अधिनियम को सरकार द्वारा 1 अक्तूबर, 2020 से प्रवृत्त किया गया। इस अधिनियम के फलस्वरूप ओटीसी डेरीवेटिव्स के लिए ऋण जोखिम पर बैंकिंग क्षेत्र में पर्यापत बचत होगी और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने वाले समग्र प्रणालीगत जोखिमों को यह कम करेगा। इसके अतिरिक्त, यह अधिनियम कॉर्पोरेट ऋण बाजार को बढ़ाने के साथ-साथ भारत में वित्तीय बाजार का विकास करेगा। आर्थिक कार्य विभाग ने संस्थाओं तथा वित्तीय उत्पादों को पहचानने तथा उन पर ध्यान देने के लिए विनियामकों के साथ-साथ सभी स्टेकहोल्डर्स को लिखा है जो इस अधिनियम के अंतर्गत नेटिंग लाभ तथा उचित विनियामक एवं प्रचालनात्मक रूपरेखा तैयार करनेके लिए पात्र होंगे ताकि अधिनियम का पूर्ण एवं शीघ्रकार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

2.4 (क) 'राजस्थान सेकण्डरी टाउन्स डेवलपमेंट सेक्टर प्रोजेक्ट' शीर्षक से राजस्थान सरकार के परियोजना प्रस्ताव के लिए 12 अक्तूबर,2020 को एडीबी के साथ 300 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(ख) 'मध्य प्रदेश अर्बन सर्विस इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट' शीर्षक से मध्य प्रदेश सरकार के परियोजना प्रस्ताव के लिए 12 अक्तूबर, 2020 को एडीबी के साथ 270 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

2.5 एफएओ की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर 16 अक्तूबर, 2020 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 75 रुपए मूल्यवर्ग के संस्मारक सिक्का जारी किया गया।

**2.6 अक्तूबर माह, 2020 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं:-**

(i) माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने 28 अक्तूबर, 2020 को यूनाइटेड किंगडम के एक्सचेकर के चांसलर के साथ 10वीं भारत-यूके आर्थिक तथा वित्तीय वार्ता (ईएफडी) की सह-अध्यक्षता की। दोनों वित्त मंत्रियों द्वारा संयुक्त पत्रक पर औपचारिक हस्ताक्षर के साथ यह वार्ता समापत हुई।

(ii) 01 अक्तूबर, 2020 को माननीय वित्त मंत्री ने एसडब्ल्यूएएमआईएच की समीक्षा बैठक की।

(iii) माननीय वित्त मंत्री ने आरबीआई गवर्नर के साथ जी-20 वित्त मंत्रियों तथा सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) की बैठक में भारत का नेतृत्व किया, जिसका आयोजन 14 अक्तूबर, 2020 को किया गया था। एफएमसीबीजी की बैठक 12-13 अक्तूबर, 2020 को होने वाली जी-20 वित्तीय तथा सेंट्रल बैंक डेपुटीज बैठकों से पहले की गई जिसके दौरान सरकारी सूचना पर वार्तालाप किया गया जो बाद में एफएमसीबीजी की बैठक में 14 अक्तूबर, 2020 को संपन्न हुआ। सचिव (आर्थिक कार्य) ने फाइनेंस एंड सेंट्रल बैंक डेपुटीज बैठक में भाग लिया।

(iv) माननीय वित्त मंत्री ने 15 अक्तूबर, 2020 को वीडियो-कांफ्रेंसिंग के जरिए इंटरनेशनल मोनेटरी फंड एंड फाइनेंशियल कमेटी (आईएमएफसी) की विस्तृत बैठक, इंटरनेशनल मोनेटरी फंड (आईएमएफ) की मंत्रालय स्तरीय समिति बैठक में वीडियो-कॉफ्रेंसिंग के जरिए भाग लिया।

(v) माननीय वित्त मंत्री ने 16 अक्तूबर, 2020 को आयोजित विश्व बैंक वार्षिक बैठक की अध्यक्षता की।

(vi) सचिव (आर्थिक कार्य) ने 09.10.2020 को जीएमएस, जीएमएल तथा आईजीसी में प्रस्ताव संशोधन पर चर्चा करने के लिए विनियामक यथा आरबीआई, डीएफएस, आईबीए तथा सेबी के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

(vii) सचिव (आर्थिक कार्य) ने 22 अक्तूबर, 2020 को श्री एक्सल वेन ट्राट्सनबर्ग, प्रबंध निदेशक,प्रचालन, विश्व बैंक के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लिया।

(viii) निदेशक मंडल के सदस्य के तौर पर, सचिव (आर्थिक कार्य) ने 23 अक्तूबर, 2020 को वीडियो-कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सेंट्रल बोर्ड ऑफ रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की 585वीं बैठक में भाग लिया।

(ix) डॉ. सी॰एस॰ मोहपात्रा, अपर सचिव ने सचिव (आर्थिक कार्य) की ओर से 5 अक्तूबर, 2020 को वैबेक्स कॉल द्वारा आयोजित एफएसबी की विस्तृत आभासी बैठक में भाग लिया।

(x) डॉ. सी॰एस॰ मोहपात्रा, अपर सचिव ने सचिव (आर्थिक कार्य) की ओर से 6 अक्तूबर, 2020 को वैबेक्स कॉल के माध्यम से आयोजित एफएसबी स्टैंडिंग कमेटी ऑन स्टैंडर्ड इंप्लीमेंटेशन (एससीएसआई) की आभासी बैठक में भाग लिया।

(xi) डॉ. सी. एस. महापात्रा, अपर सचिव ने 26 अक्तूबर, 2020 को हुई दुरस्थ आईटीए दिवस बैठक में हिस्सा लिया।

(xii) डॉ. सी. एस. महापात्रा, अपर सचिव ने 16 अक्तूबर, 2020 को सतत वित्त के अंतर्राष्ट्रीय मंच के एक वर्षीय वर्षगांठ में भाग लिया। इस कार्यक्रम को आईएमएफ प्रबंधीय निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जिवा और यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष, वाल्दीम डोम्ब्रोवसिक द्वारा साथ ही आईएमएफ/विश्व बैंक वार्षिक बैठकों तर्ज पर सह मेजबानी की थी। आईपीएसएफ सतत वित्त को क्षेत्र में जहां भारत एक संस्थापक सदस्य है।

(xiii) डॉ. शशांक सक्सेना, वरिष्ठ सलाहकार (एफएस एण्ड सीएस) ने एफएसबी के टीबीटीएफ (विफल होने के लिए अधिक विशाल) द्वारा 14 अक्तूबर, 2020 को कार्यकारी समूह के मूल्यांकन पर एक आभासी बैठक में हिस्सा लिए और चर्चा की (i) परामर्शी प्रतिक्रिया पर संचालन समिति का प्रारूप बनाना (ii) कोविड-19 से संबंधित टाइमलाइन एवं सामग्री का विश्लेषण करना।

(xiv) माननीयवित्तमंत्रीकोआभासीउच्चस्तरीयपैनलचर्चा"एलआईबीओआरसेपरेयाहमतैयारहैं"में 8 अक्तूबर, 2020 कोअंतर्राष्ट्रीयमौद्रिकनीतिऔरविश्वबैंककीवार्षिकबैठकपरनिमंत्रितकियागयाथा।उनकीगैर-मौजूदगीमेंवरिष्ठसलाहकार (एफएसएण्डसीएस) बैठकमेंशामिलहुए।

(xv) श्री समीर खरे, अपर सचिव विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 13 अक्तूबर, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग की संचालन समिति की 111 वीं बैठक की अध्यक्षता की।

(xvi) श्री बलदेव पुरुषार्थ, संयुक्त सचिव ने यूरोपीय बैंक की पुनर्रचना एवं विकास (इबीआरडी) पर 2020 की वार्षिक बैठक में 5-8 अक्तूबर, 2020 तक हिस्सा लिया। बैठक में शासक मंडल ने फ्रांस की सुश्री ओडिल रेनाड बासो को इबीआरडी का अगला अध्यक्ष चुना। शासक मंडल ने अगले पांच वर्षों (2021-25) के लिए बैंक की रणनीति को भी अनुमोदित किया।

(xvii) एसपीएमसीआईएल के सीमाकार द्वारा जब्त सोने के अंतरण से संबंधित मुद्दे पर चर्चा एवं अंतिम रूप देने के लिए 08.10.2020 को एक बैठक हुई थी।

(xviii) बहुराष्ट्रीय तकनीकी और आर्थिक सहभागिता (एमटीईसी) को क्रियान्वित करने के लिए एससीओ प्रारूप योजना को अंतिम रूप देने के लिए 12-14 अक्तूबर, 2020 को और वरिष्ठ अधिकारी एससीओ बैठक 19 से 21 अक्तूबर, 2020 को हुई थी जिसमें आर्थिक कार्य विभाग ने भाग लिया था।

(xix) आर्थिक कार्य विभाग द्वारा 14.10.2020 को वीसी के माध्यम से मुख्य-मध्यस्थ की भारत पेरु व्यापार समझौता अंतर-सत्रात्मक बैठक में हिस्सा लिया था।

(xx) 5 नवंबर, 2020 को आयोजित होने वालेवर्चुअल ग्लोबल इन्वेस्टर राउन्ड टेबल के संगठन (वीजीआईआर)के संबंधित वैश्विक निवेशकों को मुद्दे एवं मामलों पर चर्चा करने के लिए एक अंतर मंत्रालयी बैठक 15.10.2020को हुई थी।

(xxi) आर्थिक सहभागिता के लिए ब्रिक्स रणनीति की प्रारूप सत्र में भी आर्थिक कार्य विभाग ने हिस्सा लिया जिसकी मध्यस्था 14-16 अक्तूबर, 2020 में की गई।

(xxii) भारत और फिलीपींस के बीच बीआईटी समझौते का एक सत्र 22 अक्तूबर, 2020 को डीवीसी के माध्यम से आयोजित किया गया।

(xxiii) पीपीपी मोड पर सवारी रेल के लिए रेल मंत्रालय के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए पीपीपीएसी की 97 वीं बैठक 29 अक्तूबर, 2020 को आयोजित की गई थी।

**3. न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**4. एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न किया जाना**

शून्य।

**5. विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति**

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षा: 16

***

| तालिका1: स्थिर मूल्य (2011-12) पर तिमाही-वार जीवीए वृद्धि (प्रतिशत में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | 2019-20 | | | | 2020-21 |
| | ति.1 | ति.2 | ति.3 | ति.4 | ति.1 |
| कृषि, वानिकी एवं मात्स्यिकी | 3.0 | 3.5 | 3.6 | 5.9 | 3.4 |
| उद्योग | 4.2 | 0.5 | -0.3 | -0.6 | -38.1 |
| सेवाएं | 5.5 | 6.5 | 5.7 | 4.4 | -20.6 |
| **आधार मूल्य पर जीवीए** | **4.8** | **4.3** | **3.5** | **3.0** | **-22.8** |
| *स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)।* | | | | | |

| तालिका 2:जीडीपी की मांग पक्ष एवं इसके घटको में वार्षिक वास्तविक वृद्धि (प्रतिशत में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | | | | 2020-21 |
| | ति.1 | ति.2 | ति.3 | ति.4 | ति.1 |
| कुल खपत | 5.6 | 7.8 | 7.6 | 4.2 | -19.2 |
| सरकारी खपत | 6.2 | 14.2 | 13.4 | 13.6 | 16.4 |
| निजी खपत | 5.5 | 6.4 | 6.6 | 2.7 | -26.7 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | 4.6 | -3.9 | -5.2 | -6.5 | -47.1 |
| निर्यात | 3.2 | -2.2 | -6.1 | -8.5 | -19.8 |
| आयात | 2.1 | -9.4 | -12.4 | -7.0 | -40.4 |
| **बाजार मूल्य पर जीडीपी** | **5.2** | **4.4** | **4.1** | **3.1** | **-23.9** |
| *स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)।* | | | | | |

| तालिका 3 : मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|
| | सितंबर-19 | अगस्त -20 | सितंबर -20 |
| **सीपीआई-सी** | 3.99 | 6.69 | 7.34 |
| | | | |
| **डब्ल्युपीआई** | 0.33 | 0.16 | 1.32 |

स्रोत: सीपीआई-सी और ओईए के लिए एनएसओ, डब्ल्यूपीआई हेतु डीपीआईआईटी

टिप्पणी: विगत 2 माह के लिए डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति एवं विगत एक माह के लिए सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

| तालिका 4: मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| **मद** | **23rd अक्तूबर 2020** |
| रेपो दर नीति | 4.00 |
| 10-वर्ष जी-सैक प्रतिफल(एफबीआईएल) | 5.88 |
| बैंक साख वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 5.7 |
| # 09 अक्तूबर, 2020 के अनुसार | |

| तालिका 5 : वस्तु व्यापार निष्पादन(सीमा आधारित) (बिलियन अमरीकी डॉलर) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| **सितंबर, 2019** | 26.0 | 37.7 | -11.7 |
| **सितंबर, 2020** | 27.6 | 30.3 | -2.7 |

| तालिका 6: सेवा व्यापार निष्पादन (बिलियन अमरीकी डॉलर) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| अगस्त, 2020 | 16.4 | 9.6 | 6.8 |
| स्रोत: अनंतिम आंकड़े वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, के वाणिज्य विभाग की दिनांक 15.10.2020 कोजारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हैं। | | | |

| तालिका 7 : भुगतान संतुलन | | |
|---|---|---|
| मद | **2019-20 ति.1** | **2020-21 (पी) ति.1** |
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डॉलर) | -15.0 | 19.8 |
| चालू खाता शेष/ जीडीपी (प्रतिशत) | -2.1 | 3.9 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | |

| तालिका 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डॉलर) | |
|---|---|
| **मार्च, 2020** | 477.8 |
| **23rd अक्तूबर 2020** | 560.5 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | |

| तालिका 9 : भारतीय रुपये की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा के सापेक्ष रुपया प्रति इकाई) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डॉलर | पाउंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| **23अक्तूबर, 2020** | 73.5780 | 96.0585 | 86.7750 | 70.2600 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | | | |

| तालिका 10 : विदेशी ऋण (अमरीकी डॉलर बिलियन) | | | |
|---|---|---|---|
| | जूनअंत2019 के अनुसार पीआर (1) | जून अंत 2020 के अनुसारपी (2) | प्रतिशतता विचलन[(2/1)-1]*100 |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 556.9 | 554.5 | -0.4 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी ऋण पर सितंबर 2020 कीतिमाही रिपोर्ट। | | | |

| तालिका 11 : औद्योगिक उत्पादन विशेषताएं* | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | **जून-19** | **जुलाई -19** | **अगस्त-19** |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | 1.3 | 4.9 | -1.4 |
| मासिक वृद्धि | **जून-20** | **जुलाई -20** | **अगस्त- 20** |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -15.8 | -10.8 | -8.0 |

| तालिका 12 : आठ मुख्य उद्योग** | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | **जुलाई -19** | **अगस्त-19** | **सितंबर-19** |
| आठ मुख्य उद्योगों की वृद्धि | 2.6 | -0.2 | -5.1 |
| मासिक वृद्धि | **जुलाई -20** | **अगस्त- 20** | **सितंबर -20** |
| आठ मुख्य उद्योगों की वृद्धि | -8.0 | -7.3 | -0.8 |

*****